# JAC वार्षिक माध्यमिक परीक्षा - 2023

## विषय - सामाजिक विज्ञान

### बहुवैकल्पिक प्रश्नोत्तर

**1. 19 वी सदी के दौरान कौन ऐसी ताकत बनकर उभरा जिसमें यूरोप के राजनीतिक और मानसिक जगत में भारी परिवर्तन ला दिया?**

1. उदारवाद 2. साम्यवाद
3. राष्ट्रवाद 4. निरंकुशवाद

उत्तर:- 3. राष्ट्रवाद

**2. फ्रांस में प्रथम विद्रोह कब हुआ था?**

1. जुलाई 1801 2. जुलाई 1804
3. जुलाई 1815 4. जुलाई 1830

उत्तर:- 4. जुलाई 1830

**3. 1804 की नागरिक संहिता जिसे आमतौर पर नेपोलियन की संहिता के नाम से भी जाना जाता है, उसने फ्रांस में सुधार के लिए क्या कदम उठाया?**

(1.) जन्म पर आधारित विशेषाधिकार समाप्त कर दिया
(2.) कानून के समक्ष बराबरी और संपत्ति के अधिकारों को सुरक्षित बनाया
(3.) प्रशासनिक विभाजनों को सरल बनाया
(4.) इनमें से सभी

उत्तर:- 4. इनमें से सभी

**4. 1917 में गांधी जी ने खेड़ा जिले के किसानों की मदद के लिए सत्याग्रह का आयोजन किया था। खेड़ा भारत के किस राज्य में स्थित है?**

1. गुजरात 2. मध्य प्रदेश
3. राजस्थान 4. महाराष्ट्र

उत्तर:- 1. गुजरात

**5. साइमन कमीशन भारत क्यों आया?**

1. नई शिक्षा नीति लागू करने
2. लगान संबंधित नए कानून बनाने
3. संवैधानिक व्यवस्था की कार्यशैली का अध्ययन करने
4. व्यापार संबंधित कानून बनाने

उत्तर- 3. संवैधानिक व्यवस्था की कार्यशैली का अध्ययन करने।

**6. 1840 के दशक के मध्य में आयरलैंड में किसी बीमारी के कारण निम्न में से कौन सा फसल खराब हो गया जिससे लाखों लोग भुखमरी के कारण मौत के मुंह में चले गए?**

1. चावल 2. आलू
3. मक्का 4. मूंगफली

उत्तर- 2. आलू

**7. प्रथम विश्वयुद्ध खत्म होने के केवल दो दशक बाद दूसरा विश्वयुद्ध शुरू हो गया जिसमें एक गुट में धूरी शक्तियां मुख्य रूप से नात्सी, जर्मनी, जापान और इटली थी तो दूसरा खेमा जो मित्र राष्ट्रों के नाम से जाना जाता था उनमें कौन-कौन से देश थे?**

1. ब्रिटेन, सोवियत संघ, फ्रांस और भारत
2. ब्रिटेन, फ्रांस, अमेरिका, और भारत
3. ब्रिटेन, सोवियत संघ, फ्रांस, और अमेरिका
4. ब्रिटेन, सोवियत संघ, अमेरिका और भारत

उत्तर- 3. ब्रिटेन, सोवियत संघ, फ्रांस, और अमेरिका

**8. 1929 आर्थिक मंदी के कारण दुनिया के ज्यादातर हिस्सों में निम्न में से किसकी भयानक गिरावट दर्ज की गई?**

1. उत्पादन 2. रोजगार
3. आय और व्यापार 4. इनमें से सभी

उत्तर- 4. इनमें से सभी

**9. बुनकरों को कच्ची कपास की समस्या का सामना क्यों करना पड़ा?**

1. कच्चे कपास के निर्यात में वृद्धि हुई
2. कपास की फसल नष्ट हो गई
3. स्थानीय बाजार सिकुड़ गए
4. निर्यात बाजार गिर गया

उत्तर. 1. कच्चे कपास के निर्यात में वृद्धि हुई

**10. 19वीं शताब्दी के दौरान ब्रिटेन में सर्वाधिक गतिशील उद्योग कौन से थे?**

1. धातु और चीनी 2. कपास और चीनी
3. कपास और धातु 4. कपास और पेट्रोलियम

उत्तर. 3. कपास और धातु

**11. मुद्रण तकनीक सबसे पहले कहां विकसित हुई?**

1. भारत 2. चीन
3. फ्रांस 4. यूरोप

उत्तर. 2. चीन

**12. निम्न -जातीय आंदोलनों के मराठी प्रणेता कौन थे ,जिन्होंने अपनी पुस्तक गुलामगिरी में जाति प्रथा के अत्याचारों पर लिखा है?**

1. ज्योतिबा फुले 2. राजा राममोहन राय
3. बंकिम चंद्र 4. बाल गंगाधर तिलक

उत्तर. 1. ज्योतिबा फुले

**13. समाप्यता के आधार पर संसाधनों को दो भागों में बांटा जाता है, उनके नाम हैं**

1. जैव एवं अजैव संसाधन
2. नवीकरणीय एवं अनवीकरणीय संसाधन
3. विकसित एवं संचित संसाधन
4. राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संसाधन

उत्तर. 2. नवीकरणीय एवं अनवीकरणीय संसाधन

**14. संसाधनों के अंधाधुंध शोषण से किस प्रकार का वैश्विक परिस्थितिकी संकट पैदा हो गया है?**

1. भूमंडलीय तापन 2. ओजोन परत अवक्षय
3. पर्यावरण प्रदूषण 4. इनमें से सभी

उत्तर. 4. इनमें से सभी

© JCERT not to be republished

15. **वनों और वन्य जीवन का संरक्षण करना आवश्यक है-क्योंकि इससे**
1. पारिस्थितिकी विविधता बनी रहती है
2. जीवन साध्य संसाधन-जल, वायु और मृदा बनी रहती है
3. बेहतर जनन के लिए वनस्पति और पशुओं में जीनी विविधता को संरक्षित करती है
4. इनमें से सभी

उत्तर - 4. इनमें से सभी

16. **वन और वन्य प्राणियों के संरक्षण के लिए किस प्रकार के वनों को सर्वाधिक मूल्यवान माना जाता है?**
1. अवर्गीकृत वन 2. आरक्षित वन
3. कांटेदार वन 4. रक्षित वन

उत्तर. 4. रक्षित वन

17. **प्रचुर मात्रा में जल उपलब्ध होने के बावजूद जल किन कारणों से प्रदूषित और मानव उपयोग के लिए खतरनाक बनते जा रहे हैं?**
1. घरेलू और औद्योगिक अपशिष्टों के मिलने से
2. रसायनों के अधिक प्रयोग से
3. कीटनाशकों और कृषि में प्रयुक्त उर्वरकों के प्रयोग से
4. इनमें से सभी

उत्तर. 4. इनमें से सभी

18. **मानसून के आगमन के साथ जो फसलें बोई जाती है, वे किस फसल के अंतर्गत आती है?**
1. खरीफ 2. रबी
3. जायद 4. इनमें से कोई नहीं

उत्तर. 1. खरीफ

19. **पवन और सौर ऊर्जा संसाधनों की बहुतायत भारत के किस राज्य में अधिक पाई जाती है?**
1. उत्तर प्रदेश 2. झारखंड
3. राजस्थान 4. मध्य प्रदेश

उत्तर. 3. राजस्थान

20. **जल उर्वरकों के अधिक और अविवेकपूर्ण प्रयोग से किस प्रकार की समस्याएं पैदा हो गई है?**
1. जलाक्रांत्ता 2. लवणता
3. सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी 4. इनमें से सभी

उत्तर. 4. इनमे से सभी

21. **औद्योगिक विकास की रीढ़ के रूप में किस खनिज को महत्वपूर्ण माना जाता है?**
1. कोयला 2. लौह अयस्क
3. पेट्रोलियम 4. बॉक्साइट

उत्तर. 2. लौह अयस्क

22. **निम्न में से किस प्रकार के खनिजों का प्रयोग आणविक ऊर्जा के उत्पादन में किया जाता है?**
1. यूरेनियम और थोरियम 2. यूरेनियम और जिप्सम
3. यूरेनियम और अलमुनियम 4. यूरेनियम और मैग्नीशियम

उत्तर. 1. यूरेनियम और थोरियम

23. **वायु प्रदूषण निम्न में से किस पर अपना दुष्प्रभाव डालता है?**
1. मानव स्वास्थ्य पर 2. पशुओं पर
3. पौधों पर 4. इनमें से सभी

उत्तर. 4. इनमें से सभी

24. **बेल्जियम में अल्पसंख्यक के रूप में किस भाषा के बोलने वाले लोग तुलनात्मक रूप से ज्यादा समृद्ध और ताकतवर रहे हैं?**
1. फ्रेंच 2. डच
3. जर्मन 4. सिंहली

उत्तर. 1. फ्रेंच

25. **जब 1956 में श्रीलंका में कानून बनाया गया तो उसमें किन-किन बातों को जोड़ा गया?**
1. सिंहली को एकमात्र राजभाषा घोषित कर दिया गया
2. सरकारी नौकरियों में सिंहलियों को प्राथमिकता दी गई
3. बौद्ध मत को संरक्षण और बढ़ावा दिया गया
4. इनमें से सभी

उत्तर. 4. इनमें से सभी

26. **निम्न में से कौन कार्यपालिका और विधायिका द्वारा बनाए गए कानूनों पर अंकुश रखता है?**
1. सांसद 2. राष्ट्रपति
3. न्यायपालिका 4. प्रधानमंत्री

उत्तर. 3. न्यायपालिका

27. **पोखरण जहां भारत में 1998 में अपने परमाणु परीक्षण किए, वह भारत के किस राज्य में स्थित है?**
1. राजस्थान 2. गुजरात
3. उत्तर प्रदेश 4. महाराष्ट्र

उत्तर. 1. राजस्थान

28. **सामाजिक विभाजन अधिकांशतः आधारित होता है**
1. मृत्यु पर 2. विवाह पर
3. जन्म पर 4. शिक्षा पर

उत्तर. 3. जन्म पर

29. **सांप्रदायिक राजनीति सोच पर आधारित होती है कि धर्म ही सामाजिक समुदाय का निर्माण करता है। इस मान्यता के अनुकूल सोचना क्या कहलाता है?**
1. धर्मनिरपेक्षता 2. सांप्रदायिकता
3. आत्मनिर्भरता 4. जातिवाद

उत्तर. 2. सांप्रदायिकता

30. **निम्नांकित में से किस राज्य में शिशु मृत्यु दर सबसे कम है?**
1. पंजाब 2. बिहार
3. केरल 4. छत्तीसगढ़

उत्तर. 3. केरल

31. **निम्नांकित में से किसे औसत आय भी कहा जाता है?**
1. राष्ट्रीय आय 2. प्रति व्यक्ति आय
3. कुल आय 4. इनमें से सभी

उत्तर. 2. प्रति व्यक्ति आय

32. **सार्वजनिक और निजी क्षेत्र किस आधार पर विभाजित है?**
1. रोजगार की शर्तों के आधार पर
2. उद्यमों के स्वामित्व के आधार पर
3. आर्थिक गतिविधियों के आधार पर
4. उद्यमों में नियोजित श्रमिकों के आधार पर

उत्तर. 2. उद्यमों के स्वामित्व के आधार पर

© JCERT not to be republished

**33. कौन सा क्षेत्र भारत में सबसे बड़े रोजगार उत्पादक क्षेत्र के रूप में जाना जाता है?**

1. तृतीय क्षेत्र
2. द्वितीय क्षेत्र
3. विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्र
4. प्राथमिक क्षेत्र

उत्तर. 4. प्राथमिक क्षेत्र

**34. निम्न में से कौन मध्यवर्ती भूमिका प्रदान करके आवश्यकताओं के दोहरे संयोग की जरूरत को खत्म कर देती है?**

1. मुद्रा 2. विदेश व्यापार
3. निर्यात 4. विकास

उत्तर. 1. मुद्रा

**35. सामान्यता बहुराष्ट्रीय कंपनियां उसी स्थान पर उत्पादन इकाई स्थापित करती है जहां**

1. बाजार नजदीक हो
2. कम लागत पर श्रमिक उपलब्ध हो
3. उत्पादन के अन्य कारक उपलब्ध हो
4. इनमें से सभी

उत्तर. 4. इनमें से सभी

**36. विभिन्न देशों के बाजारों को जोड़ने या एकीकरण में निम्न में से कौन सहायक होता है?**

1. बैंक 2. विदेशी व्यापार
3. उद्योग 4. कृषि

उत्तर. 2. विदेशी व्यापार

**37. 1960 के दशक में व्यवस्थित रूप में उपभोक्ता आंदोलन का उदय निम्न में से किन कारणों से हुआ?**

1. अत्यधिक खाद्य की कमी
2. खाद्यान्नों की जमाखोरी
3. खाद्य पदार्थों एवं खाद्य तेलों में मिलावट
4. इनमें से सभी

उत्तर. 4. इनमें से सभी

**38. संविधान में संशोधन करके लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था के तीसरे स्तर को किस प्रकार बनाया गया है?**

1. शक्तिशाली और प्रभावी
2. शक्तिशाली और अप्रभावी
3. संवैधानिक और अप्रभावी
4. स्वतंत्र और अप्रभावी

उत्तर. 1. शक्तिशाली और प्रभावी

**39. अन्य जाति -समूहों से भेदभाव और उन्हें अपने से अलग मानने की धारणानिम्न में से किस व्यवस्था पर आधारित है?**

1. शासन व्यवस्था 2. राजनीतिक व्यवस्था
3. वर्ण व्यवस्था 4. दलीय व्यवस्था

उत्तर. 3. वर्ण व्यवस्था

**40. लोकतांत्रिक व्यवस्था में हित समूहों या दबाव समूहों के मुख्य उपयोगिताएं निम्न में से क्या है?**

1. सरकार को सजग बनाए रखना
2. आंदोलन को सफल बनाना
3. राजनीतिक दलों पर प्रभाव डालना
4. इनमें से सभी

उत्तर. 4. इनमें से सभी

© JCERT not to be republished

# JAC वार्षिक माध्यमिक परीक्षा - 2023

## विषय - सामाजिक विज्ञान

### विषयनिष्ठ प्रश्नोत्तर

### खण्ड - A

#### अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**प्रश्न 1. मारीआन और जर्मेनिया कौन थे?**

उत्तरः- मारीआन फ्रांस राष्ट्र की नारी रूपक थी जिसे स्वतंत्रता और गणतंत्र के प्रतीक लाल टोपी, तिरंगा कलगी के साथ दर्शाया गया और उसकी प्रतिमाएं सार्वजनिक चौकों पर लगाई गई। मारीआन की छवि सिक्को और डाक टिकटों पर अंकित की गई। इसी तरह जर्मेनिया जर्मन राष्ट्र का रूपक बन गई। जर्मेनिया बलूत वृक्ष के पत्तों के मुकुट से सजाया गया क्योंकि जर्मनी में बलूत को वीरता का प्रतीक माना जाता है।

**2. सत्याग्रह के विचार का क्या मतलब है?**

उत्तरः- सत्याग्रह एक ऐसा विचार है जिसमें सत्य की शक्ति पर आग्रह और सत्य की खोज पर जोर दिया जाता है। इसका अभिप्राय यह है कि यदि आप का उद्देश्य सच्चा है यदि आपका संघर्ष अन्याय के विरुद्ध है तो उत्पीड़क का मुकाबला करने के लिए आपको किसी शारीरिक बल कीआवश्यकता नहीं है।

**3. मानव के लिए संसाधन क्यों आवश्यक है?**

उत्तरः- मानव के लिए संसाधन बहुत ही महत्वपूर्ण है। यह किसी भी देश की अर्थव्यवस्था में रीढ की हड्डी का काम करते हैं। यह अर्थव्यवस्था की मजबूती तथा लोगों की समृद्धि का आधार है। उदाहरण के लिए आरंभिक मानव अपने भोजन के लिए प्रत्यक्ष रूप से पौधों एवं जानवरों पर निर्भर था। बाद में उसने औजारों के प्रयोग तकनीकी, एवं कार्य कुशलता से वातावरण में सामंजस्य स्थापित किया। उसने यह भी अनुभव किया कि उसके लिए क्या-क्या चीज उपयोगी है।

इस प्रकार उसके लिए प्रकृति से प्राप्त पदार्थ प्राकृतिक संसाधन बन गया। इन संसाधनों ने मानव की अर्थव्यवस्था के विकास में आधार का काम किया। अतः हम कह सकते हैं कि मानव के लिए संसाधन बहुत आवश्यक है।

**4. नदियों में बांध क्यों बनाए जाते हैं?**

उत्तरः- नदियों पर बांध इसलिए बनते हैं क्योंकि बांध देश की समग्र बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बांध मनोरंजन, बाढ़ नियंत्रण, जल आपूर्ति, जल विद्युत शक्ति, अपशिष्ट प्रबंधन, नदी निविगेशन और वन्यजीव आवास सहित कई प्रकार के आर्थिक पर्यावरणीय और सामाजिक लाभ प्रदान करते हैं।

**5. सरकार के प्रमुख अंग कौन-कौन हैं?**

उत्तरः- सरकार के प्रमुख तीन अंग है:-

1. विधायिका
2. कार्यपालिका
3. न्यायपालिका

**6. लोकतंत्र के लिए राजनीतिक दल क्यों आवश्यक है?**

उत्तरः-
1. राजनीतिक दल को लोकतंत्र का प्राण कहा जाता है।
2. यदि राजनीतिक दल नहीं होगा तो सभी उम्मीदवार निर्दलीय होंगे।
3. राजनीतिक दल जनता और सरकार के बीच कड़ी का काम करता है।

इस प्रकार सरकार बनाने जनता का प्रतिनिधित्व करने एवं देश के लिए कानून बनाने के लिए राजनीतिक दलों की आवश्यकता होती है।

**7. वस्तु विनिमय प्रणाली में मुख्य कठिनाई क्या थी?**

उत्तरः- वस्तु विनिमय प्रणाली की सबसे बड़ी कठिनाई दोहरे संयोग का अभाव था। इस प्रणाली में व्यक्तियों को ऐसे व्यक्ति की खोज में भटकना पड़ता है, जिसके पास उसकी आवश्यकता की वस्तु हो, और वह व्यक्ति अपनी वस्तु के बदले में स्वयं उस मनुष्य की वस्तु लेने को तैयार हो। ऐसा संयोग मिलना कठिन होता है।

### खण्ड - B

#### लघु उत्तरीय प्रश्नः-

**प्रश्न 8. उदार वादियों की 1848 की क्रांति का क्या अर्थ लगाया जाता है?**

उत्तरः- 1848 में जब अनेक यूरोपीय देशों गरीबी बेरोजगारी और भुखमरी से ग्रस्त किसान मजदूर विद्रोह कर रहे थे, तब उसके समांतर पढ़े-लिखे मध्यवर्ग उनकी भी एक क्रांति हो रही थी। उदार वादियों की क्रांति का मतलब था कि वे स्वतंत्र राष्ट्र राज्य की स्थापना करना चाहते थे। जहां क्रांति की स्वतंत्रता और सभी लोगों के लिए समान कानून और स्वतंत्रता हो। उदार वादियों ने राष्ट्रीय विचार के निर्माण की मांगों को आगे बढ़ाया। यह राष्ट्र राज्य संविधान प्रेस की स्वतंत्रता और संगठन बनाने की आजादी जैसे संसदीय सिद्धांतों पर आधारित था। वे सभी नागरिक को सामाजिक समानता दिलाने के पक्षधर थे।

**प्रश्न9. पहले विश्व युद्ध के समय भारत का औद्योगिक उत्पादन क्यों बढ़ा?**

उत्तरः- पहले विश्व युद्ध के समय भारत के औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि हुई जिसके कई कारण थे-

क. प्रथम विश्व युद्ध में ब्रिटेन ऐसे उलझ गया कि इसका ध्यान अपने बचाव में लग गया। अब वह भारत में अपने माल को निर्यात ना कर सका, जिसके कारण भारत के उद्योगों को पनपने का सुअवसर प्राप्त हो गया।

ख. इंग्लैंड के सब कारखाने निर्यात की विभिन्न चीजें बनाने की बजाय सैनिक सामग्री बनाने में लग गये। इसलिए भारतीय उद्योगों को रातों-रात एक विशाल देसी बाजार मिल गया।

ग. एक विशाल देसी बाजार मिलने के अतिरिक्त भारतीय उद्योगों को जब सरकार द्वारा भी अनेक चीजें जैसे फौज के लिए वर्दियां, बूट आदि बनाने, टेंट बनाने, घोड़ों के लिए अनेक प्रकार का सामान आदि के आर्डर मिल गए तो उनमें नई जान आ गई। जैसे-जैसे युद्ध आगे बढ़ता गया भारतीय उद्योगों की भी प्रगति होती गई।

**प्रश्न 10. भारत की सबसे बड़ी नदी घाटी परियोजना कौन है और यह किस नदी पर है? इससे किस क्षेत्र को आर्थिक विकास में मदद मिली है?**

उत्तरः- भारत की सबसे बड़ी नदी घाटी परियोजना भाखड़ा नांगल परियोजना है। यह सतलज नदी पर बनाई गई है। इस परियोजना से पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, हिमाचल

© JCERT not to be republished

प्रदेश, राजस्थान और जम्मू कश्मीर राज्यों को मिला है। इससे कृषि और उद्योगों में क्रांतिकारी परिवर्तन आए हैं। इस परियोजना से 15 लाख हेक्टेयर भूमि की सिंचाई कर देश में हरित क्रांति लाने में मदद मिली है। जल विद्युत उत्पादन के द्वारा उन राज्यों में लघु एवं कुटीर उद्योग का जाल बिछ गया है।

**प्रश्न 11. कृषि की परिभाषा दीजिए? भारत में कृषि के लिए कौन-सी भौगोलिक सुविधाएं प्राप्त हैं?**

उत्तर:- जमीन को जोड़कर कोई भी फसल उगाने की क्रिया को कृषि कहते हैं।

**भारत में कृषि के लिए निम्नलिखित भौगोलिक सुविधाएं हैं:-**

1. भारत एक उष्णकटिबंधीय देश है यहां सालों भर तापमान उच्च रहता है, यदि सिंचाई की सुविधा उपलब्ध करा दी जाए तो सालों भर फसल उगाई जा सकती है।
2. भारत के अधिकतर भागों में जलोढ़ मृदा पाई जाती है, जो कि कृषि के दृष्टिकोण से सबसे अधिक उपजाऊ और उपयुक्त मृदा है।
3. भारत में सभी प्रकार की जलवायु (शीत वर्षा एवं ग्रीष्म) पाई जाती है, जो कि विभिन्न प्रकार के फसलों फलों के उत्पादन के लिए उपयुक्त भौगोलिक दशा प्रदान करती है।

**प्रश्न.12 समवर्ती सूची से क्या तात्पर्य है? इसमें कौन-कौन से विषय सम्मिलित हैं?**

उत्तर:- विषयों की ऐसी सूची जिस पर कानून बनाने का अधिकार राज्य तथा केंद्र सरकार दोनों को प्राप्त होता है। परंतु दोनों सरकारों में टकराव होने की स्थिति में केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए कानून ही मान्य होते हैं। उसे समवर्ती सूची कहते हैं।

समवर्ती सूची में कुल 47 विषय शामिल किए गए हैं। जैसे:- शिक्षा, वन, श्रम, पारिवारिक, कानून इत्यादि।

**प्रश्न13. लोकतंत्र सामाजिक विविधताओं में किस प्रकार सामंजस्य लाता है?**

उत्तर:- लोकतांत्रिक व्यवस्थाएं अनेक तरह से सामाजिक विभाजन को संभालती है। इससे इनके बीच टकराव का विस्फोटक या हिंसक रूप लेने का अंदेशा थोड़ा कम हो जाता है। कोई भी समाज अपने विभिन्न समूह के बीच के टकराव को स्थाई तौर पर खत्म नहीं कर सकता। इनके बीच बातचीत से सामंजस्य बैठाने का तरीका विकसित कर सकते हैं। सामाजिक अंतर विभाजन और टकराव को संभालना निश्चित रूप से लोकतांत्रिक व्यवस्था का एक बड़ा गुण है। इसके लिए लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को कुछ शर्तों को पूरा करना होता है।

लोकतंत्र का अर्थ बहुमत की राय से शासन करना नहीं है परंतु बहुमत को सदा ही अल्पमत का ध्यान रखना होता है।उस के साथ मिलकर काम करने की जरूरत होती है तभी सरकार जनता की इच्छा के अनुसार प्रतिनिधित्व कर सकती है।

**प्रश्न 14. विदेशी व्यापार एवं विदेशी निवेश में अंतर स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर:- विदेशी व्यापार एवं विदेशी निवेश में निम्नलिखित अंतर है:-

**विदेशी व्यापार:-**

क. एक देश के उत्पादों या सेवाओं का दूसरे देश के उत्पादों या सेवाओं के साथ आदान प्रदान किया जाता है।

ख. यह दुनिया के विभिन्न बाजारों को जोड़ता है।

ग . यह लाभ कमाने और वैश्विक बाजारों में प्रवेश पर जोर देता है।

घ. इसमें आयात निर्यात शामिल है।

**विदेशी निवेश:-**

क. यह एक विदेशी कंपनी द्वारा दूसरे देश में स्थित कंपनी में किए गए निवेश को संदर्भित करता है।

ख. इसके परिणाम स्वरूप पूंजी प्रौद्योगिकी और अन्य संसाधनों के रूप में निवेश होता है।

ग. यह पूंजी को एक देश से दूसरे देश में ले जाने में मदद करता है।

घ. इसका मुख्य उद्देश्य लंबी अवधि के लिए आय उत्पन्न करना है।

## खण्ड - C

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न:-**

**प्रश्न15. महामंदी के कारणों की व्याख्या कीजिए।**

उत्तर:- 1929 में आर्थिक महामंदी की शुरुआत हुई इस मंदी के प्रमुख कारण निम्नलिखित थे-

1. औद्योगिक क्रांति के कारण अमेरिका तथा ब्रिटेन में बड़े पैमाने पर उत्पादन कार्य होने लगा था। 1930 तक तैयार माल का इतना बड़ा भंडार एकत्र हो गया कि इनका कोई खरीदार ना रहा।
2. कृषि क्षेत्र में अति उत्पादन के कारण कृषि उत्पादों की कीमतें गिरने लगी। किसानों ने अपनी घटती आय को बढ़ाने के लिए अधिक उत्पादन करना शुरू कर दिया। किंतु इससे कीमतें और गिरने लगी।
3. संकट से पूर्व बहुत से देशों ने अमेरिका से कर्ज लिया था जो घटकर केवल चौथाई रह गया था। जो देश अमेरिकी कर्ज पर सबसे ज्यादा निर्भर थे उसके सामने गहरा संकट खड़ा हो गया।

**प्रश्न16. भारत में पाई जाने वाली विभिन्न प्रकार की सड़कों का विस्तृत विवरण दें।**

उत्तर:- भारत में पाई जाने वाली विभिन्न प्रकार की सड़कें निम्नलिखित हैं:-

1. राष्ट्रीय राजमार्ग:- यह देश के विभिन्न राज्यों को आपस में जोड़ने का काम करता है। इस दृष्टि से राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 7 देश का सबसे लंबा राष्ट्रीय राजमार्ग है। यह 2369 किलोमीटर की लंबाई में वाराणसी, जबलपुर, नागपुर, हैदराबाद, बेंगलुरु एवं भदूरै होते हुए कन्याकुमारी तक जाती है। इसकी देख रेख का दायित्व केंद्र सरकार पर है।
2. राज्य राजमार्ग:- यह राजमार्ग राज्यों की राजधानियों को विभिन्न जिला मुख्यालयों को जोड़ने का काम करती है। इसका दायित्व राज्य सरकार पर होती है।
3. जिला सड़के:- जिला सड़के राज्यों के विभिन्न जिला मुख्यालय को जोड़ती है देश में कुल 14% जिला सड़के हैं।
4. ग्रामीण सड़कें:- यह सड़कें विभिन्न गांवों को एक दूसरे से जोड़ती है देश की कुल सड़कों में इनका हिस्सा 14% है।

**प्रश्न 17. लोकतंत्र की सफलता की किन्ही चार आवश्यक शर्तों का वर्णन कीजिए**

उत्तर:- लोकतंत्र की सफलता के लिए आवश्यक शर्तें निम्नलिखित हैं:-

1. जनता में शिक्षा तथा जागरूकता लाकर एक लोकतंत्र को मजबूत बनाया जा सकता है। अतः जनता को जागरूक करने के लिए शिक्षा के स्तर को बढ़ावा देने के लिए सरकार को विभिन्न अभियान चलाए जाने चाहिए।
2. आर्थिक तथा राजनीतिक समानता द्वारा भी श्रेष्ठ लोकतंत्र की नींव रखी जा सकती है। इसके लिए सभी तरह के नागरिकों को राजनीति में शामिल करने के लिए और राजनीतिक सिद्धांतों और निर्णय में पारदर्शिता लाई जा सकती है।

© JCERT not to be republished

3. सामाजिक एकता और एकजुटता के द्वारा भी लोकतंत्र की सफलता प्राप्त की जा सकती है। इसमें सामाजिक एकता को बल दिया जा सकता है। जिससे सभी एक उद्देश्य के लिए कार्य करें।
4. शांति और व्यवस्था लोकतंत्र की सफलता के लिए बहुत जरूरी है।

**प्रश्न 18. बहुराष्ट्रीय कंपनियां किस प्रकार दूसरे देशों में उत्पाद या अपने उत्पादन पर नियंत्रण स्थापित करती है?**

उत्तरः- दूसरे देशों में बहुराष्ट्रीय कंपनियां निम्न प्रकार से उत्पादन या उत्पाद पर नियंत्रण स्थापित करती है-

1. बहुराष्ट्रीय कंपनियां दूसरे देशों में उत्पादन इकाई स्थापित करती है। विशेष रूप से जहां पर बाजार नजदीक हो और कम लागत पर कुशल और अकुशल श्रम आदि उपलब्ध हो।
2. बहुराष्ट्रीय कंपनियां उत्पादन के लिए कार्यालयों और कारखानों की स्थापना करती है।
3. बहुराष्ट्रीय कंपनियां विभिन्न देशों की स्थानीय कंपनियों के साथ संयुक्त रूप से उत्पादन करती है। कई बार वह स्थानीय कंपनियों को खरीद कर उत्पादन का प्रसार करती है।
4. बहुराष्ट्रीय कंपनियां छोटे उत्पादकों को उत्पादन का ऑर्डर देती है और जिन्हें अपने ब्रांड के नाम से बेचती है।

**प्रश्न 19. दिए गए भारत के रेखा मानचित्र पर कोयला निक्षेप के तीन प्रमुख क्षेत्रों को दर्शाएँ-**

उत्तरः-

